हरिभूमि
सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 29 अगस्त 2026

07 पहले झांसे में लेकर कुछ रुपए डबल किए फिर...



08 रक्षाबंधन पर महिलाओं ने बाबा को बांधा रक्षा सूत्र



खबर संक्षेप

छठवें सीएलसी राउंड के लिए च्वाइस फिलिंग प्रक्रिया शुरू

सीहोर। शासकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई), सीहोर में प्रवेश के लिए छठवें सीएलसी राउंड की चॉइस फिलिंग प्रक्रिया शुरू हो गई है। इच्छुक अभ्यर्थी प्रवेश प्रक्रिया में शामिल होने के लिए अधिकतम 5 च्वाइस फिलिंग कर सकते हैं। च्वाइस फिलिंग की अंतिम तिथि 29 अगस्त 2026 निर्धारित की गई है। अभ्यर्थियों को 31 अगस्त 2026 को संस्था में उपस्थित होकर अपनी च्वाइस लॉक कराना अनिवार्य होगा। प्रवेश के लिए मेरिट सूची 1 सितंबर को जारी की जाएगी तथा इसी दिन प्रवेश दिया जाएगा। यदि सीटें रिक्त रहती हैं, तो प्रतीक्षा सूची के आधार पर अभ्यर्थियों का सत्यापन एवं प्रवेश प्रक्रिया 3 सितंबर को संपन्न की जाएगी। संस्था में कंप्यूटर हार्डवेयर एंड नेटवर्क मेंटेनेंस, इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक, हिंदी स्टेनो, फिटर, फैशन डिजाइन एंड टेक्नोलॉजी, कोपा, इलेक्ट्रिशियन सहित विभिन्न ट्रेडों में प्रवेश प्रक्रिया जारी है। इन ट्रेडों में प्रवेश के लिए न्यूनतम योग्यता 10वीं पास तथा आयु 14 वर्ष से अधिक निर्धारित है। संस्था प्राचार्य ने इच्छुक अभ्यर्थियों से निर्धारित तिथियों का ध्यान रखते हुए समय पर च्वाइस फिलिंग एवं प्रवेश संबंधी प्रक्रिया पूर्ण करने की अपील की है।

इंडिया स्किल्स स्पर्धा के लिए पंजीयन 15 तक

सीहोर। युवाओं को अपने कौशल का प्रदर्शन करने तथा राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने का अवसर प्रदान करने वाली इंडिया स्किल्स 2026-27 प्रतियोगिता के लिए पंजीयन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक युवा 15 सितंबर 2026 तक अपना पंजीयन करा सकते हैं। इंडिया स्किल्स देश की सबसे बड़ी कौशल प्रतियोगिताओं में से एक है, जिसमें युवा अपनी प्रतिभा एवं कौशल का प्रदर्शन कर देश-विदेश में अपनी पहचान बना सकते हैं। प्रतियोगिता में चयनित प्रतिभागियों को जिला, संभाग एवं राज्य स्तर पर चरणबद्ध रूप से अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। इस वर्ष प्रतियोगिता में 63 स्किल्स में कौशल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।
प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए शैक्षणिक योग्यता का कोई बंधन नहीं है। पात्रता के लिए संबंधित स्किल के अनुसार प्रतिभागी की आयु 1 जनवरी 2006 के बाद की होना आवश्यक है। प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक युवा स्किल इंडिया डिजिटल हब पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन पंजीयन कर सकते हैं। प्रतियोगिता में पंजीयन एवं भागीदारी पूर्णतः निःशुल्क है। जिला स्तर पर अधिक जानकारी एवं मार्गदर्शन के लिए इच्छुक युवा शासकीय आईटीआई, सीहोर से संपर्क कर सकते हैं। संस्था द्वारा युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में प्रतियोगिता में पंजीयन कर अपने कौशल का प्रदर्शन करने की अपील की गई है।

राखियों के साथ-साथ शहर की प्रसिद्ध मिठाई की दुकानों पर भी रही भीड़

रक्षाबंधन: बहनों ने भाईयों को तिलक लगा कर बांधी राखी, लिया सुरक्षा का संकल्प

बहन ने भाई की कलाई पर राखी बांधकर मुंह मीठा कराया। भाइयों ने भी बदले में रक्षा का वचन दिया तथा उपहार, श्रृंगार सामग्री, कपड़े, आभूषण आदि भेंट किए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर





जिले में शुक्रवार को रक्षाबंधन का त्योहार उत्साह के साथ मनाया गया। बहनों ने भाइयों का मंगल तिलक कर रक्षा सूत्र बांधें। बहनों ने भाई की कलाई पे प्यार बांधा है.. ये राखी बंधन है अपना.. भैय्या मेरे राखी के बंधन को निभाना जैसे गीतों की पक्तियां फिजाओं में छाई रही। जिलेभर में भाई-बहन के अटूट प्रेम पर्व रक्षाबंधन को मनाया गया। पारंपरिक रस्मों को निभाते हुए बहनों ने भाई की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा और भाइयों से रक्षा का वचन लिया। रक्षा बंधन पर्व को लेकर बाजारों में खासी रौनक रही।

श्रावण मास की पूर्णिमा को मनाए जाने वाले इस पर्व को लेकर जिलेभर में उल्लास रहा। बहनों ने शुभ मुहूर्त में पूजा का थाल सजाया, जिसमें कुमकुम, अक्षत, रक्षा सूत्र, मिठाई, सूखा नारियल आदि रखे। इसके बाद भाई के माथे पर प्रेम का टीका लगाया और आरती उतारी। बहन ने भाई की कलाई पर राखी बांधकर मुंह मीठा कराया। भाइयों ने भी बदले में रक्षा का वचन दिया तथा उपहार, श्रृंगार सामग्री, कपड़े, आभूषण आदि भेंट किए।

बाजार में रही भीड़, चार पहिया वाहनों पर लगा रहा प्रतिबंध: रक्षाबंधन पर्व के उपलक्ष्य में शहर में सजी राखियों की दुकानों पर खरीदारों की भीड़ लगी रही। बहनों ने अपने भाइयों के लिए कई वैरायटियों की राखियां खरीदी। दूसरे राज्य एवं जिलों में रह रही बहनें भी अपने भाइयों को राखी बांधने के लिए पहुंची। रक्षाबंधन पर्व पर नन्हे-मुन्ने बच्चों में भी विशेष उत्साह देखा गया। बाजार में राखी के पर्व को लेकर खासी रौनक देखी गई। बाजार में चार पहिया वाहनों प्रतिबंध लगा रहा। वहीं कई बार जाम भी लगा।

खिलौने भी बच्चों के आकर्षण का केंद्र बने

राखियों में लगे छोटे फिजेट स्पिनर, पॉप-इट और मिनी कार वाले खिलौने भी बच्चों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। पर्यावरण जागरूकता के तहत तुलसी और सूरजमुखी के बीजों से बनी ईको-फ्रेंडली राखियां भी लोगों द्वारा पसंद की जा रही हैं। राखियों के साथ-साथ शहर की प्रसिद्ध मिठाई की दुकानों पर भी भीड़ देखी जा रही है। घेवर, काजू कतली, सोनपापड़ी और गुलाब जामुन जैसी मिठाइयों की खरीदारी के लिए लंबी कतारें लगी हैं। त्योहार के मद्देनजर पुलिस और प्रशासन ने सुरक्षा तथा यातायात की सुगम व्यवस्था के लिए बाजारों में विशेष प्रबंध किए हैं, ताकि लोग शांति और सौहार्द के साथ त्योहार मना सकें।

मिष्ठान भंडारों पर लगी भीड़

रक्षाबंधनपर्व को लेकर शहर के मिष्ठान भंडारों पर दिनभर लोगों की भीड़ रही। आम दिनों में सूनी रहने वाली मिठाई की दुकानों पर भी लोगों का जमघट रहा और जमकर मिठाईयों की बिक्री हुई। बाजार में 500 से 1200 रुपए प्रति किलो के भाव से भी मिठाइयों की अच्छी बिक्री हुई। रक्षाबंधन पर्व को लेकर कई मिष्ठान भंडार वालों ने मिठाइयों के काउंटर सजा दिए थे।

यात्री वाहनों और ट्रेनों में रही भीड़

रक्षाबंधनपर बस स्टैंड पर महिलाओं की भीड़ देखी गई। इसके अलावा दो पहिया वाहनों का उपयोग जमकर हुआ। बसों में महिलाओं-युवतियों की भीड़ के कारण जगह मुश्किल से नसीब हुई। वहीं ट्रेनों में भी भीड़ होने के कारण पैर रखने तक की जगह नहीं थी।

कुबेरेश्वरधाम पर उमड़ा आस्था का सैलाब
हजारों श्रद्धालुओं ने किया मंगल तिलक

सीहोर। रक्षाबंधन के अवसर पर शुक्रवार को जिला मुख्यालय के समीपस्थ प्रसिद्ध कुबेरेश्वरधाम में आस्था और भक्ति का अद्भुत नजारा देखने को मिला। सुबह से ही हजारों की संख्या में श्रद्धालु धाम पहुंचे। श्रद्धालुओं ने भगवान कुबेरेश्वर महादेव का मंगल तिलक कर सीवन नदी के तट से लाए पवित्र जल से विधि-विधान के साथ अभिषेक किया। पूरे मंदिर परिसर में हर-हर महादेव के जयघोष गूंजते रहे।

हर साल की तरह इस वर्ष भी कुबेरेश्वरधाम में सादगी और श्रद्धा के साथ मंगल तिलक महोत्सव आयोजित किया गया। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि शिव पर अडिग विश्वास व्यक्ति को हर कठिन परिस्थिति से निकलने की शक्ति देता है। भगवान भोलेनाथ को बड़े-बड़े विधान या महंगे उपहार नहीं, बल्कि भक्त का प्रेम और श्रद्धा से अर्पित किया गया एक लोटा शुद्ध जल ही प्रिय है।


उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन का पर्व रक्षा, सुरक्षा, प्रेम और आपसी विश्वास का संदेश देता है। सनातन धर्म में मनाए जाने वाले सभी पर्व हमारी संस्कृति और परंपराओं के मजबूत स्तंभ हैं। इन पर्वों के माध्यम से समाज में आपसी प्रेम और एकता की भावना मजबूत होती है।

महिलाओं ने बाबा को बांधा रक्षा सूत्र, बताया- कुबेरेश्वरधाम हमारा मायका : विठलेश सेवा समिति के मीडिया प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि शुक्रवार सुबह बड़ी संख्या में महिलाओं ने कुबेरेश्वरधाम पहुंचकर बाबा का मंगल तिलक किया। कई महिलाओं ने भगवान शिव को रक्षा सूत्र भी बांधा और परिवार की सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। श्रद्धालुओं ने सीवन नदी के तट से लाए जल से भगवान शिव का अभिषेक किया। महिलाओं ने कहा कि कुबेरेश्वरधाम उनके लिए मायके जैसा है, जहां पहुंचकर उन्हें अपनापन और आत्मीयता का अनुभव होता है। उन्होंने कहा कि भगवान शिव की भक्ति का सरल मार्ग उन्हें पंडित प्रदीप मिश्रा के माध्यम से मिला है और इसी विश्वास के साथ वे हर वर्ष बाबा के दरबार में पहुंचती हैं। मंगल तिलक महोत्सव के दौरान विठलेश सेवा समिति की ओर से पंडित विनय मिश्रा, पंडित समीर शुक्ला सहित विप्रजनों ने श्रद्धालुओं का मार्गदर्शन किया। बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भगवान शिव का आशीर्वाद लिया। कांवड मेले का अंतिम दिवस था। कांवड़ियों के झुंड कंधों पर जल लिए शिवत्व को आत्मसात करते हुए अपने गंतव्य की ओर बढ़ रहे थे तो यह सनातन परंपरा की उस अनंत धारा का साक्षात प्रकटीकरण है जो प्राचीन काल से भारतीय चेतना में प्रवाहित होती रही है। यह महीना शिव-आराधना का सबसे पवित्र काल है। यही वह समय है जब पौराणिक मान्यता के अनुसार समुद्र-मंथन से निकले हलाहल विष को भगवान शिव ने कंठ में धारण किया था और सृष्टि को विनाश से बचाया था।

कंकर में शंकर की आस्था : कुबेरेश्वरधाम पहुंचने वाले श्रद्धालुओं में कंकर में शंकर की आस्था भी देखने को मिली। श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर में मौजूद शिव स्वरूपों की श्रद्धा के साथ पूजा-अर्चना की। रक्षाबंधन के अवसर पर मुरली मनोहर मंदिर में भगवान शिव-पार्वती, भगवान श्रीराम-माता सीता और भगवान श्रीकृष्ण-राधा के दर्शन कर श्रद्धालुओं ने पर्व की खुशियां मनाईं। सुबह से लेकर दिनभर धाम में श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही। भक्ति, आस्था और रक्षाबंधन के उल्लास से पूरा कुबेरेश्वरधाम शिवमय नजर आया।

रक्षाबंधन पर बुझ गया घर का चिराग
सड़क हादसे में युवक की मौत
रामनगर के पास दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत, दूसरा बाइक सवार गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बुधनी



रक्षाबंधन के पावन पर्व पर एक परिवार की खुशियां उस समय मातम में बदल गईं, जब रामनगर के पास हुए दर्दनाक सड़क हादसे में 23 वर्षीय युवक की मौत हो गई। शुक्रवार सुबह दो बाइक सवारों की आमने-सामने हुई जोरदार भिड़ंत में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए थे। हादसे के बाद उपचार के लिए अस्पताल ले जाते समय एक युवक ने दम तोड़ दिया, जबकि दूसरा गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती है।

पुलिस के अनुसार सत्यम पिता सरदार बरखने (23), निवासी खैरी सिलगेना, तहसील बुधनी, बाइक से अपने गांव की ओर जा रहा था। इसी दौरान ग्राम रामनगर के पास सामने से आ रहे अर्जुन पिता चैन सिंह भिलाला (28), निवासी भड़कुल, तहसील रेहटी, की बाइक से उसकी आमने-सामने टक्कर हो गई। भिड़ंत इतनी जोरदार थी कि दोनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

राहगीरों ने पहुंचाया मदद का हाथ : हादसे के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही बुधनी पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को उपचार के लिए सिविल अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल पहुंचने से पहले ही सत्यम बरखने ने दम तोड़ दिया। वहीं अर्जुन भिलाला की हालत गंभीर बताई जा रही है और उसका उपचार जारी है।

राखी की खुशियों पर छाया मातम : रक्षाबंधन के दिन हुए इस हादसे ने मृतक के परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया। जिस दिन बहनें भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर उनकी लंबी उम्र की कामना कर रही थीं, उसी दिन सत्यम की मौत की खबर ने परिवार की खुशियों को मातम में बदल दिया। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। मामले में मर्ग कायम कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी गई है।

नपा अध्यक्ष को दिया भगवान बलराम जन्मोत्सव का आमंत्रण, निकलेगी वाहन रैली



सीहोर। नागर धाकड़ युवा संगठन के तत्वावधान में आराध्य देव भगवान बलराम का जन्मोत्सव धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। नगर पालिका अध्यक्ष विकास प्रिंस राठौर को नागर धाकड़ युवा संगठन के राष्ट्रीय सचिव राजेंद्र नागर संगठन अध्यक्ष विनोद नागर और कार्यकर्ताओं के द्वारा निवास पर पहुंचकर भगवान बलराम जन्मोत्सव कार्यक्रम का आमंत्रण दिया गया। शहर में आगामी बुधवार 2 सितंबर सुबह 11 बजे भोपाल नाका से वाहन रैली शुरू होकर बाल विहार मैदान पहुंचेगी यहां सामाजिक आमसभा का आयोजन किया जाएगा। संगठन अध्यक्ष विनोद नागर ने बताया कि समाज की एकता, संगठन और धार्मिक आस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से यह भव्य रैली आयोजित की जा रही है। आयोजन समिति एवं समस्त कार्यकारिणी ने सीहोर जिले के समस्त सम्मानीय नागर धाकड़ समाज बंधुओं एवं शहर वासियो से अधिक से अधिक संख्या में रैली में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने और समाज की एकजुटता का परिचय देने की अपील की है।

श्रावणी पूर्णिमा पर पाली में शहीद हुए हजारों पालीवाल ब्राह्मणों को किया नमन

735 साल पुरानी शहादत की याद में पालीवाल समाज ने नहीं मनाया रक्षाबंधन का त्योहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



श्रावणी पूर्णिमा और रक्षाबंधन के अवसर पर जहां शहर में पर्व की धूम रही, वहीं पालीवाल ब्राह्मण समाज ने अपनी 735 साल पुरानी परंपरा का निर्वहन करते हुए रक्षाबंधन का पर्व नहीं मनाया। समाजजनों ने पाली में हुए हमले में शहीद हुए हजारों पालीवाल ब्राह्मणों की स्मृति में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके बलिदान को याद किया।

पालीवाल ब्राह्मण समाज के अनुसार श्रावणी पूर्णिमा के दिन पाली में हुए हमले के दौरान बड़ी संख्या में ब्राह्मणों ने धर्म और मातृभूमि की रक्षा करते हुए अपने प्राणों का बलिदान दिया था। इसी शहादत की याद में समाज द्वारा रक्षाबंधन पर्व नहीं मनाने की परंपरा आज भी निभाई जा रही है। समाजजनों ने शहीदों को नमन करते हुए उनके त्याग और वीरता को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर समाज अध्यक्ष कृष्णकांत पालीवाल, सचिव प्रदीप पालीवाल, कोषाध्यक्ष नरेंद्र पालीवाल, मीडिया प्रभारी सक्षम पालीवाल तथा उपाध्यक्ष संजय पालीवाल बरखेड़ा सहित कार्यकारिणी के सदस्य मौजूद रहे।

कार्यकारिणी में मोहन पालीवाल, अशोक पालीवाल, संजय पालीवाल इछावर, अनिल पालीवाल, बाबू दादा, बृजेश पालीवाल, राजेश पालीवाल भाऊँखेड़ी, राजेंद्र पालीवाल नेहरू कॉलोनी, राज रतन पालीवाल, सोनू पालीवाल, लीलाधर पालीवाल, महेश पालीवाल, गोपाल पालीवाल और मदनलाल पालीवाल सहित अन्य समाजजन शामिल रहे। वहीं पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमारी पालीवाल, पूर्व मंत्री अंजू पालीवाल, कीर्ति पालीवाल, बबली पालीवाल, मीना पालीवाल, निधि पालीवाल, आशा पालीवाल और प्रभा पालीवाल सहित समाज की महिलाओं ने भी शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। समाजजनों ने कहा कि रक्षाबंधन का दिन उनके लिए अपने पूर्वजों के बलिदान को याद करने का अवसर है। शहीदों की स्मृति में समाज द्वारा वर्षों से चली आ रही इस परंपरा को आज भी पूरी श्रद्धा के साथ निभाया जा रहा है। सीहोर के साथ आष्टा और शाहगंज में भी पालीवाल समाज ने शहादत की स्मृति में रक्षाबंधन नहीं मनाया।

प्रधान डाकघर में आज लगेगा विशेष आधार शिविर

सीहोर। नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रधान डाकघर सीहोर में 29 अगस्त को विशेष आधार शिविर का आयोजन को सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक किया जा रहा है। इस शिविर के माध्यम से लोग अपने आधार कार्ड से जुड़े विभिन्न कार्यों का लाभ उठा सकेंगे। इस शिविर में क्षेत्र के सभी बच्चों, महिलाओं और पुरुषों के नए आधार कार्ड बनाए जाएंगे तथा पुराने कार्डों में आवश्यक सुधार (अपडेशन) किया जाएगा। जिसमें अपडेशन के अंतर्गत नाम, जन्मतिथि , पता, बायोमैट्रिक अपडेट और फोटो परिवर्तन जैसे सभी जरूरी कार्य किए जाएंगे। निशुल्क सेवा डाकघर द्वारा नए आधार कार्ड बिल्कुल मुफ्त बनाए जाएंगे। इसके अलावा, आधार कार्ड का प्रथम अपडेशन भी पूरी तरह निशुल्क किया जाएगा। प्रधान डाकघर के अधिकारियों ने जानकारी दी है कि उक्त विशेष शिविर दिवस को छोडक़र, अन्य सभी कार्य दिवसों में सुबह 10:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक नियमित रूप से डाकघर में आधार कार्ड बनाए और अपडेट किए जाते हैं। क्षेत्र के सभी नागरिकों से अपील की गई है कि वे इस विशेष शिविर का लाभ अवश्य उठाएं।

बालिका को आरोपी के कब्जे से किया दस्तयाब, परिजनों को सौंपा

रेहटी। थाना रेहटी पुलिस ने नाबालिग बालिकाओं की दस्तयाबी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए 17 वर्षीय नाबालिग बालिका को आरोपी के कब्जे से दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया है। पुलिस ने मामले में आरोपी को भी पकड़ा है। पुलिस के अनुसार फरियादिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी 17 वर्ष 7 माह की नाबालिग बेटी को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। शिकायत पर थाना रेहटी में अपराध क्रमांक 458/26, धारा 137(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सीहोर श्रीमती सोनाक्षी सक्सेना के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत चौबे एवं एसडीओपी बुधनी श्री रवि शर्मा के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी रेहटी निरीक्षक हिमलेन्द्र पटेल के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई। विवेचना के दौरान मुखबिर सूचना एवं साइबर सेल की मदद से पुलिस ने नाबालिग बालिका को आरोपी देवनारायण ठाकुर (कोरकू) के कब्जे से ग्राम जागठा, थाना कन्नौद, जिला देवास से दस्तयाब किया। इसके बाद बालिका को उसके परिवारजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

खबर संक्षेप

आज भुजरिया पर्व पर खिलेगी हरियाली की खुशियां

भैरूंदा। रक्षाबंधन के दूसरे दिन शनिवार को नगर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में भुजरिया पर्व उत्साह और पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया जाएगा। कजलियां पर्व के नाम से भी पहचाने जाने वाले इस त्योहार में लोग एक-दूसरे को भुजरिया देकर सुख-समृद्धि, अच्छी बारिश और भरपूर फसल की शुभकामनाएं देंगे। पर्व को लेकर नगर और गांवों में तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। कई स्थानों पर महिलाएं और युवतियां पारंपरिक रूप से भुजरिया लेकर जल स्रोतों तक पहुंचेंगी, जहां विधि-विधान और परंपरा के अनुसार उनका विसर्जन किया जाएगा। भुजरिया पर्व का सीधा संबंध हरियाली, बारिश और कृषि संस्कृति से जुड़ा हुआ है। सावन के महीने में जब खेतों में हरियाली छाने लगती है और किसान अच्छी फसल की उम्मीद से आगे बढ़ते हैं, उसी समय भुजरिया पर्व प्रकृति के प्रति आभार और आने वाली फसल के लिए मंगलकामना का संदेश देता है। बुजुर्गों के अनुसार यह पर्व क्षेत्र की लोक परंपरा, आपसी भाईचारे और सुख-समृद्धि का प्रतीक है। भुजरिया तैयार करने की परंपरा भी अपने आप में विशेष है। सावन मास की अष्टमी और नवमी के आसपास छोटी-छोटी बांस की टोकरियों में मिट्टी की तह बिछाकर गेहूं या जौ के दाने बोए जाते हैं। इसके बाद नियमित रूप से पानी दिया जाता है। सावन की हरियाली के बीच कुछ ही दिनों में इन दानों से पौधे निकल आते हैं। लगभग एक सप्ताह में उगने वाले इन हरे पौधों को ही भुजरिया या कजलियां कहा जाता है। कई परिवारों में इन भुजरियों को सावन के दौरान झूला देने की परंपरा भी रही है। महिलाएं और युवतियां इन्हें सहेजकर रखती हैं और रक्षाबंधन के बाद आने वाले भुजरिया पर्व पर इन्हें लेकर घर-घर जाती हैं। एक-दूसरे को भुजरिया देकर शुभकामनाएं दी जाती हैं।

जेल में बंद भाइयों को राखी बांधने पहुंचीं बहनें, पुलिसकर्मियों को मातृशक्ति ने बांधी राखी

भाइयों की कलाई पर बांधा रक्षा सूत्र, भाइयों ने दिया सुरक्षा, सम्मान और सहयोग का संकल्प

रक्षाबंधन को लेकर बाजारों में भी सुबह से ही चहल-पहल रही। राखी, मिठाई और उपहार की दुकानों पर लोगों की आवाजाही बनी रही। बहनें अपनी पसंद की आकर्षक राखियां खरीदती नजर आईं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा



भैरुंदा। सब जैल में बंद भाइयों को राखी बांधने पहुंची बहने राखी बांधते हुए भावुक हुई।



भैरुंदा। थाना भैरूंदा में एसडीओ रोशन कुमार जैन को मातृशक्ति राखी बांधते हुए।



भैरुंदा। थाना प्रभारी घनश्याम दांगी को राखी बांधते हुई मातृशक्ति।

भाई-बहन के पवित्र प्रेम, स्नेह, विश्वास और आत्मीयता का प्रतीक रक्षाबंधन पर्व शुक्रवार को भैरुंदा तहसील क्षेत्र में बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही नगर सहित ग्रामीण अंचलों में पर्व को लेकर उत्साह का माहौल रहा। घरों में बहनों ने पूजा की थाली सजाई और शुभ मुहूर्त में भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर आरती उतारी। इसके बाद भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर उनके सुखी, स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की कामना की। भाइयों ने भी बहनों को उपहार भेंट कर हर परिस्थिति में उनकी रक्षा, सम्मान और सहयोग करने का संकल्प लिया।

रक्षाबंधन को लेकर बाजारों में भी सुबह से ही चहल-पहल रही। राखी, मिठाई और उपहार की दुकानों पर लोगों की आवाजाही बनी रही। बहनें अपनी पसंद की आकर्षक राखियां खरीदती नजर आईं। घर परिवारों में पर्व की तैयारियां सुबह से ही शुरू हो गई थीं। शादीशुदा बहनें अपने मायके पहुंचीं और भाइयों की कलाई पर राखी बांधी। दूर शहरों में रहने वाली बहनों के घर पहुंचने से परिवारों में विशेष खुशी का माहौल रहा।

शुभ मुहूर्त में बांधा रक्षा सूत्र

बहनों ने पूजा की थाली में रोली, अक्षत, दीपक, मिठाई, श्रीफल और राखी सजाई। शुभ मुहूर्त में भाइयों को तिलक लगाया, आरती उतारी और उनकी कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा। इसके बाद बहनों ने भाइयों का मुंह मीठा कराया। भाइयों ने भी बहनों को उपहार और अपनी सामर्थ्य के अनुसार नकद राशि भेंट की। बच्चों में कार्टून, डिजाइनर और रंग-बिरंगी राखियों को लेकर विशेष उत्साह दिखाई दिया। राखी बांधने के बाद परिवारों में सामूहिक फोटो और सेल्फी लेने का दौर भी चला।

बुआ-भतीजों के रिश्ते में भी दिखा स्नेह

रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर भाई-बहन के रिश्ते के साथ ही



बुआ और भतीजों के बीच भी स्नेह देखने को मिला। बुआ ने भतीजों की कलाई पर राखी बांधकर उनके सुखी और उज्ज्वल जीवन की कामना की। परिवार के सदस्यों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर पर्व की शुभकामनाएं दीं। ग्रामीण क्षेत्रों में भी घर-घर रक्षाबंधन की रस्में उत्साहपूर्वक निभाई गईं।

जेल पहुंचीं बहनें, भाइयों को बांधी राखी भावुक हुई बहने

रक्षाबंधन के अवसर पर भैरूंदा उपजेल में बंद भाइयों को राखी बांधने के लिए बड़ी संख्या में बहनें पहुंचीं। जेल प्रशासन द्वारा बहनों और बंदियों की मुलाकात के लिए व्यवस्था की गई। बहनों ने अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर उनके बेहतर भविष्य और स्वस्थ जीवन की कामना की। इस दौरान कई बहनों ने भाइयों से जेल से बाहर आने के बाद गलत कार्यों से दूर रहने और अच्छे कार्य कर समाज में सम्मानजनक जीवन जीने का वचन लिया। भाई-बहन की मुलाकात के दौरान कई भावुक दृश्य भी देखने को मिले। जेल की चारदीवारी के बीच राखी के पवित्र धागे ने भाई-बहन के रिश्ते में प्रेम, विश्वास और अपनत्व की भावना को और गहरा कर दिया। बहनों ने भाइयों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की, वहीं भाइयों ने भी अपनी बहनों को बेहतर जीवन जीने और भविष्य में किसी गलत कार्य से दूर रहने का भरोसा दिलाया।



भैरुंदा। थाना भैरूंदा में पदस्थ एस आई पूजा राजपूत ने भी थाने में पुलिस कर्मियों को राखी बांधी।

दिनभर रहा रक्षा बंधन पर्व उत्सव का माहौल

तहसील क्षेत्र में रक्षाबंधन पर्व को लेकर दिनभर उत्सव जैसा माहौल बना रहा। घरों में तरह-तरह के पकवान और मिठाइयां बनाई गईं। बाजारों में राखी, मिठाई और उपहार की दुकानों पर भीड़ नजर आई। लोगों ने एक-दूसरे को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं। पर्व ने यह संदेश दिया कि राखी महज एक धागा नहीं, बल्कि भाई-बहन के बीच प्रेम, विश्वास, जिम्मेदारी, सम्मान और जीवनभर एक-दूसरे का साथ निभाने की भावना का प्रतीक है।

मातृशक्ति ने थाने में अधिकारी,पुलिसकर्मियों को बांधी राखी

रक्षाबंधन पर थाना भैरूंदा में भी भाई-बहन के स्नेह और सम्मान का अनूठा दृश्य देखने को मिला। समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय राधिका जेमिनी ने प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी थाना परिसर पहुंचकर एसडीओपी रोशन कुमार जैन, थाना प्रभारी घनश्याम सहित पुलिस स्टाफ को राखी बांधी। बहनों ने पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ और सुरक्षित जीवन की मंगलकामना की। इस अवसर पर बहनों ने कहा कि पुलिसकर्मी समाज की सुरक्षा के लिए दिन-रात अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हैं। त्योहारों के अवसर पर भी वे ड्यूटी पर रहकर आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं। ऐसे में रक्षाबंधन के अवसर पर उन्हें राखी बांधकर भाई-बहन के स्नेह और सम्मान की भावना व्यक्त करना आत्मीय अनुभव है। पुलिसकर्मियों ने भी बहनों को सुरक्षा और सम्मान का भरोसा दिलाते हुए इस पहल के लिए आभार व्यक्त किया।

नाके पारकर भागे सागौन तस्कर की आंवली घाट पर घेराबंदी कीमती लकड़ी सहित वाहन जब्त



रेहटी। वन परिक्षेत्र रेहटी में अवैध लकड़ी तस्करों के खिलाफ वन विभाग ने शिकंजा कसते हुए एक आरोपी को धर दबोचा। चेकिंग के दौरान बायां नाके से तेजी से गाड़ी भगाकर ले जा रहे तस्कर को वन अमले ने पीछा करते हुए आंवली घाट पुल पर दबोच लिया।

मुखबिर से मिली पुख्ता सूचना पर वन अमले ने बायां बैरियर पर निगरानी बढ़ा रखी थी। इसी दौरान एक संदिग्ध वाहन (MP 05 LA 1593) वहां पहुंचा। वन कर्मियों द्वारा रुकने का इशारा करते ही चालक ने रफ्तार तेज कर दी और नाका पार कर भागने की कोशिश की। वन विभाग की टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए तुरंत वाहन का पीछा शुरू किया और आंवली घाट पुल के पास सटीक घेराबंदी कर उसे रोक लिया।

गाड़ी की जांच में 10 नग अवैध सागौन इमारती लकड़ी (आयतन 0.423 घन मीटर) बरामद की गई। पूछताछ में पकड़े गए चालक ने अपना नाम भूपेंद्र कुमार बरेले (पिता स्व. रामगोपाल), निवासी रसुलियाँ, इटारसी रोड (नर्मदापुरम) बताया। जब्त सागौन और वाहन का कुल मूल्य लगभग 1,20,000 रूपये आंका गया है। कार्रवाई में बीट गार्ड नवीन कुमार सिंह (बायां) समेत सुरक्षा श्रमिक मंगल सिंह, महेश किर, शेरनी सिंह और भगवान सिंह की सक्रिय भागीदारी रही। आरोपी पर वन अधिनियम की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

नर्मदा तट हंसेश्वरी महादेव मंडी घाट पर किया गया सामूहिक आयोजन, ऋषियों के प्रति व्यक्त की कृतज्ञता

भैरूंदा। श्रावणी पूर्णिमा के अवसर पर शुक्रवार को मां नर्मदा के पावन तट स्थित हंसेश्वरी महादेव मंडी घाट पर विप्र समाज द्वारा सामूहिक रूप से श्रावणी उपाकर्म किया गया। श्री सिद्धिदात्री ज्योतिष अनुष्ठान केंद्र के तत्वावधान में आयोजित इस धार्मिक आयोजन में आचार्य पंडित संजय शर्मा के मार्गदर्शन में विधि-विधान से उपाकर्म की प्रक्रिया संपन्न कराई गई। इस दौरान विप्रजनों ने ऋषियों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए सद्कर्म करने, स्वाध्याय और सुसंस्कारों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। श्रावणी उपाकर्म वैदिक परंपरा का महत्वपूर्ण संस्कार माना जाता है। ब्राह्मण समाज के लोग वर्षभर इस पर्व की प्रतीक्षा करते हैं। उपाकर्म के तीन प्रमुख पक्ष माने गए हैं प्रायश्चित्त, संस्कार और स्वाध्याय। आयोजन में इन तीनों पक्षों का महत्व बताया गया।



प्रायश्चित्त से शुरू हुई प्रक्रिया : उपाकर्म की शुरुआत प्रायश्चित्त रूप में हेमाद्रि स्नान संकल्प से हुई। धार्मिक परंपरा के अनुसार वर्षभर में जाने-अनजाने में हुए कर्मों के लिए प्रायश्चित्त करते हुए जीवन को सकारात्मक दिशा देने का संकल्प लिया जाता है। गुरु के सान्निध्य में ब्रह्मचारी द्वारा गोदुग्ध, दही, घृत, गोबर, गोमूत्र और पवित्र कुशा से स्नान की परंपरा का भी उल्लेख किया गया। इसके बाद ऋषि पूजन, सूर्योपस्थान, यज्ञोपवीत पूजन और नवीन यज्ञोपवीत धारण का विधान संपन्न हुआ। आचार्य पंडित संजय शर्मा ने बताया कि यज्ञोपवीत केवल एक धार्मिक धागा नहीं, बल्कि आत्मसंयम और संस्कार का प्रतीक है। यज्ञोपवीत धारण के माध्यम से व्यक्ति अपने जीवन में संयम, कर्तव्य और सदाचार को अपनाने का संकल्प लेता है।

स्वाध्याय का भी विशेष महत्व : श्रावणी उपाकर्म का तीसरा प्रमुख पक्ष स्वाध्याय है। वैदिक परंपरा में स्वाध्याय और शिक्षा को जीवन का महत्वपूर्ण अंग माना गया है। वर्तमान समय में श्रावणी पूर्णिमा के दिन ही उपाकर्म और उत्सर्ग दोनों विधान किए जाने की परंपरा प्रचलित है। प्रतीकात्मक रूप से किए जाने वाले इन विधानों का उद्देश्य व्यक्ति को निरंतर अध्ययन, आत्मचिंतन और सुसंस्कारों के विकास के लिए प्रेरित करना है। आचार्य ने कहा कि श्रावणी पर्व केवल धार्मिक कर्मकांड तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवन शोधन की आध्यात्मिक और मनोवैज्ञानिक प्रक्रिया भी है। इसका मूल भाव बीते समय में हुए ज्ञात-अज्ञात बुरे कर्मों के लिए प्रायश्चित्त करना और भविष्य में अच्छे कार्यों के लिए स्वयं को प्रेरित करना है। वैदिक काल से ही श्रावणी पर्व को शरीर, मन और इंद्रियों की पवित्रता से जोड़कर देखा जाता रहा है।

विप्रजनों ने लिया संकल्प : आयोजन में पंडित आयुष्मान तिवारी, पंडित गोपाल जैमिनी, पंडित घनश्याम शर्मा, पंडित कमलेश शर्मा, सुमित दुबे, योगेश, संतोष तिवारी, अभिषेक जोशी, कुलदीप व्यास, संतोष तिवारी, संतोष पाठक, दिनेश भार्गव एवं राज ठाकुर सहित विप्रजनों ने श्रावणी उपाकर्म में सहभागिता की। धार्मिक विधि-विधान के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ और सभी ने समाज एवं परिवार के सामूहिक कल्याण के साथ सद्कर्म, स्वाध्याय और संस्कारों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

राष्ट्रीय खेल दिवस पर निकली साइकिल रैली, खिलाड़ियों ने दिया फिटनेस का संदेश

सीहोर। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर खेल विभाग सीहोर द्वारा 28 अगस्त 2026 को साइकिल रैली का आयोजन किया गया। रैली में जिले के विभिन्न खेलों से जुड़े खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। साइकिल रैली का शुभारंभ खेल अधिकारी रूबिका दीवान ने हरी झंडी दिखाकर किया।



खेल विभाग द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस के अंतर्गत 28 से 30 अगस्त 2026 तक तीन दिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों के माध्यम से खिलाड़ियों को विभिन्न खेल गतिविधियों से जोड़ने के साथ ही फिटनेस एवं स्वस्थ जीवनशैली, नियमित व्यायाम और खेलों के महत्व का संदेश दिया। रैली में खेल अधिकारी रूबिका दीवान, युवा समन्वयक प्रमोद उइके, हॉकी कोच रसूल सिद्दीकी, फुटबॉल कोच सुयश कन्नौजिया, फुटबॉल संघ के सचिव मनोज अहमद, बॉक्सिंग कोच रेखा कुशवाहा, पवन पहलवान, बाबूजी परज बाबू सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी एवं खेलप्रेमी शामिल हुए। खेल कौशल विकास से संबंधित गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। साथ ही विभिन्न आयु वर्ग के युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करने का प्रयास किया जाएगा। साइकिल रैली के माध्यम से खिलाड़ियों एवं खेलप्रेमियों ने

नपाध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर से डॉ.अम्बेडकर पार्क के सामने की रोड बनाने की मांग

सीहोर। कांग्रेस सेवादल के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र खंगराले जाटव दलित चिंतक ने नगर पालिका परिषद सीहोर के अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि संविधान निर्माता डॉ.अम्बेडकर जी का पार्क जो कि अनुसूचित जाति बाहुल्य वार्ड क्रं. 11 सीहोर की एक मात्र शान है। उक्त पार्क के सामने रोड पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गये हैं। इस कारण से पूजा पाठ करने वाली महिलाऐं व पुरुष जो कि पार्क की पीछे हनुमान मंदिर, माता मंदिर पर पूजा करने जाती है तो गहरे गड्ढे की गंदी कीचड़ से उनके कपड़े गंदे हो जाते हैं। जिससे उनकी पूजा में वाधा उत्पन्न होती है। जिसके लेकर नागरिकों में काफी रोष व्याप्त है।



उक्त पार्क में आये दिन अनकों सामाजिक व धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होते है। किचड़ व गंदगी के कारण अनेकों नागरिकों को परिशानियों का सामना करना पड़ता है। श्री खंगराले ने बताया कि अगर शीघ्र ही रोड का निर्माण नही किया गया तो डॉ. अम्बेडकर प्रतिमा के समक्ष धरना प्रदर्शन आन्दोलन शुरु किया जावेगा।

महंगाई के विरोध में कांग्रेस ने गन्ना युक्त पेट्रोल से चूले पर बनाई चाय

बेतहाशा महंगाई के विरोध में कांग्रेस का अनोखा प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



बेतहाशा बढ़ती महंगाई और आम जनता की रसोई पर पड़ रहे आर्थिक बोझ के विरोध में शहर कांग्रेस कमेंटी द्वारा जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती की उपस्थिति में और शहर कांग्रेस अध्यक्ष घनश्याम यादव के नेतृत्व में ने अनोखे एवं प्रतीकात्मक तरीके से विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के माध्यम से आम आदमी की रोजमर्रा की जरूरतों पर लगातार बढ़ रही महंगाई को लेकर सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद की गई।

कार्यक्रम के दौरान गन्ने से बने एथेनॉल युक्त पेट्रोल के मुद्दे को प्रतीकात्मक रूप से उठाते हुए चाय बनाई गई, वहीं बढ़ती महंगाई के कारण रसोई से शक्कर गायब होने की स्थिति को दर्शाने के लिए आम जनता को चम्मच से शक्कर वितरित की गई। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने लोकधुनों और व्यंग्यात्मक नारेबाजी के माध्यम से महंगाई के खिलाफ विरोध दर्ज कराया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती ने कहा कि आज देश की जनता महंगाई से त्रस्त है। खाद्य सामग्री से लेकर रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं तक के दाम लगातार बढ़ रहे हैं, लेकिन सरकार आम लोगों को राहत देने में विफल साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि जनता की कमाई सीमित है और खर्च लगातार बढ़ता जा रहा है। रसोई का बजट बिगड़ चुका है और आम परिवार महंगाई की मार झेलने को मजबूर है। कांग्रेस पार्टी हमेशा जनता की आवाज बनकर उनके अधिकारों और हितों की लड़ाई लड़ती रहेगी। कांग्रेसजनों ने सरकार से मांग की कि बढ़ती महंगाई पर तत्काल नियंत्रण किया जाए और आम जनता को राहत प्रदान की जाए। इस अवसर पर कांग्रेस ने बेहतासा महंगाई को कम कराने के लिए बाबा रामदेव और स्मृति ईरानी का आवाहन किया। घनश्याम यादव ने कहा की जनता की कमाई कम, महंगाई बेहिसाब—अब और नहीं सहेगी जनता महंगाई का संताप और इस सरकार को बदल कर रहेगी कांग्रेस पार्टी जनता की आवाज है और जनता के साथ है । विरोध प्रदर्शन में प्रमुख रूप से जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती, राजाराम बड़े भाई, घनश्याम यादव, विवेक राठौर, नरेंद्र खंगराले,रमेश गुप्ता, मुकेश ठाकुर, पंकज शर्मा, अरुण मालवीय, हसीन कुरैशी, संतोष मालवीय, रेहान शाह, ओम प्रकाश राठौर, रमेश गुप्ता, प्रीतम दयाल चौरसिया, आरपी शुक्ला, मुनव्वर मामू, कमलेश चांडक, राकेश वर्मा, हफ़ीज़ चौधरी मजीद अंसारी,डॉ. अनीस खान, तुलसी राठौड़, हसीन क़ुरैशी, भगत सिंह तोमर, अजीज भाई, प्रेमनारायण परमार, रियासत भाई, ओम सोनी, लकी सक्सेना, अनुभव सेन, अशरफ अली, जतिन परमार, ब्रजेश पाटीदार, आदि कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति ने पंडित प्रदीप मिश्रा का आशीर्वाद लेकर दी बधाई

सीहोर। पंडित प्रदीप मिश्रा के सानिध्य में आयोजित भव्य एवं ऐतिहासिक कांवड़ यात्रा के सफल आयोजन को लेकर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति ने कुबेरेश्वर धाम पहुंचकर परम पूज्य पंडित प्रदीप मिश्रा जी का आशीर्वाद प्राप्त किया और उन्हें सफल आयोजन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।



इस अवसर पर सुदीप प्रजापति ने कहा कि पंडित प्रदीप मिश्रा जी के मार्गदर्शन में आयोजित कांवड़ यात्रा ने सीहोर की धार्मिक पहचान को देश-दुनिया में और मजबूत किया है। देश-विदेश से लाखों शिवभक्त इस कांवड़ यात्रा का हिस्सा बनते हैं, यह सीहोर के लिए गौरव का क्षण है। इतनी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का सीहोर पहुंचकर भगवान शिव के प्रति अपनी आस्था प्रकट करना हम सभी के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान पूरा सीहोर हर-हर महादेव के जयघोष से शिवमय हो गया। श्रद्धालुओं की आस्था, उत्साह और सेवाभाव ने इस आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया। सुदीप प्रजापति ने आयोजन की सफलता के लिए पंडित प्रदीप मिश्रा जी सहित सभी सहयोगियों, सेवाभावी कार्यकर्ताओं और शिवभक्तों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर अक्षय राज सिंह चौहान , अनुराग मिश्रा , राहुल विजयवर्गीय आदि मौजूद थे।

पुलिस की बड़ी सफलता, 10 राज्यों में 30 हजार किमी पीछा किया

पहले झांसे में लेकर कुछ रुपए डबल किए फिर एक साथ ठगे 2 करोड़, 14 पकड़ाए

1 करोड़ 73 लाख नकद, 4 लग्जरी वाहन, 19 मोबाइल फोन भी जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



व्यापारियों को कम समय में रुपए डबल करने का झांसा देकर ठगी करनी वाली अंतराज्जीय गैंग को राजगढ़ पुलिस ने पकड़ने में सफलता पाई है। जुलाई माह में ब्यावरा के एक व्यापारी के साथ हुई करीब 2 करोड़ की ठगी मामले में पुलिस ने 14 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 1 करोड़ 71 लाख रुपए नकद, चार लग्जरी वाहन, 19 एंड्राईड फोन जब्त किए हैं। बदमाश इतने शातिर थे कि पहले वे संबंधित का भरोसा जीतते थे और कुछ रकम दौगनी करके दे भी देते थे। जब व्यापारी या सामने वाला व्यक्ति ब्रेन वाश कर देता था तो आरोपी एक बड़ी रकम ठग कर फरार हो जाया करते थे और फिर उनका कोई अता-पता नहीं लगता था।

इस तरह ब्यावरा के व्यापारी से ठगे से 2 करोड़ रुपए

आरोपियों द्वारा व्यापारा मंडी व्यापारी दिनेश पालीवाल को 2 करोड़ रुपए निवेश करने पर राशि दौगनी करने का झांसा दिया गया। पहले कुछ राशि डबल करके दे भी दी गई ताकि पालीवाल का विश्वास जीता जा सके। एक दिन फरियादी से 2 करोड़ नकद लेकर एवं फर्जी भुगतान संदेश दिखाकर भ्रमित किया गया। बाद में आरोपी रफूचक्कर हो गए। विवेचना टीम में 50 से अधिक पुलिस अधिकारी, कर्मचारी शामिल किए गए। आरोपियों की मूवमेंट एवं आपसी कनेक्शन की कड़ियां जोड़ने के लिए अलग-अलग राज्यों में करीब 3 हजार से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। पुलिस टीमों ने लगभग 30 हजार किमी की दूरी तय करते हुए करीब 35 दिनों तक विभिन्न राज्यों से 14 आरोपियों को गिरफ्तार किया।

गिरोह के सदस्यों की भूमिका एवं घटना का क्रम

जांच में सामने आया कि आरोपियों ने सुनियोजित तरीके से फरियादी को कंपनी में निवेश के नाम पर विश्वास में लेकर राशि देने के लिए तैयार किया। माधव असोरे जो कंपनी कर्मचारी के रूप में कार्य कर रहा था तथा सुजीत टेम्बेकर एवं साहिल नीसवाडे ने फरियादी की तलाश एवं पहचान कर उसे गिरोह के संपर्क में लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके बाद प्रफुल्ल गजभिये एवं सचित कामले ने कंपनी के एजेंट के रूप में, दिनेश वीरानी ने कंपनी के चार्टर्ड अकाउंटेंट के रूप में तथा वासुदेव गाडेकर ने कंपनी के डायरेक्टर के रूप में स्वयं को प्रस्तुत कर फरियादी से मुलाकात की। फरियादी को विश्वास में लेने के लिए भोपाल एवं ब्यावरा स्थित होटल प्रेसिडेंट एवं होटल रेडिएंट में आरोपियों द्वारा मुलाकात एवं बातचीत की गई। भोपाल के जहांगीराबाद स्थित बाबूलाल कांतीलाल कोरियर ऑफिस पर फरियादी से 2 करोड़ की नकद राशि प्राप्त की गई।

अन्य राज्यों की पुलिस की भी मिली मदद

उक्त संपूर्ण कार्रवाई में जिला राजगढ़ पुलिस की विशेष टीम के साथ-साथ मुंबई, नांदेड़, लातुर, भदौही, पुणे, हैदराबाद, केरल, तेलंगाना, भोपाल सिटी पुलिस ने सभी आरोपीगणों की गिरफ्तारी एवं ठगी गई राशि की बरामदगी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

ऐसे काम करता था गिरोह

- कार्यप्रणाली कई स्तरों में बंटी हुई थी।
- पहला स्तर मालदार पर जरूरतमंद व्यक्तियों को चिन्हित करना।
- दूसरा पीड़ित का विश्वास जीतना।
- ई-मेल, स्वीकृति-पत्र और भुगतान संदेश दिखाकर निवेश को वास्तविक सिद्ध करना।
- पीड़ित से अधिकतम नकद राशि लेना ताकि बैंकिंग रिकार्ड न मिले।
- नकद राशि को हवाला नेटवर्क से अलग-अलग व्यक्तियों और शहरों तक पहुँचाना।
- गिरोह आपस में राशि बांटकर सिम और मोबाइल बदल दिया करते थे।

ब्लॉक कांग्रेस के नेतृत्व में किया प्रदर्शन

शक्कर की पुड़िया देकर एसडीएम को सौंपा अपनी मांगों का ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

देश में इन दिनों शक्कर के दाम काफी तेजी से बढ रहे हैं। आम आदमी की पहुंच से दूर होती जा रही शक्कर सहित अन्य किराना सामानों की कीमतों में लगातार हो रही बढ़ोतरी को लेकर ब्लॉक कांग्रेस द्वारा गुरुवार को अलग तरह से प्रदर्शन किया गया। सभी इंकाजन नारेबाजी करते हुए कलेक्टोरेट पहुंचे और सांकेतिक रूप से शक्कर, दाल व अन्य किराने के सामानों की पुड़ियाएं एसडीएम को देकर राज्यपाल के नाम अपनी मांगों का ज्ञापन उन्हें सौंपा। ब्लॉक इंकाध्यक्ष महेंद्र पंवार सहित पूर्व विधायक हेमराज कल्पोनी के नेतृत्व में मांग रखी गई कि लगातार बढ़ रहे किराना सामानों के दामों पर तुरंत नियंत्रण पाया जाए। चीनी की कीमतों पर प्रभावी नियंत्रण के प्रयास तेज करें साथ ही बढ़े हुए बिजली के दामों से घरेलू उपभोक्ता एवं किसानों को राहत देते हुए 120 रुपए पेट्रोल की कीमत को तत्काल कम करते हुए आमजनों को राहत दी जाए।

स्थानीय समस्याओं का भी तत्काल हो निराकरण

ज्ञापन में यह भी मांग रखी गई कि किसानों के लिए बिजली, खाद, बीज एवं कृषि संबंधी आवश्यक सामानों की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए साथ ही राजगढ़ जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों की स्थानीय समस्याओं का का तत्काल निराकरण करवाया जाए। इस अवसर पर सेवादल अध्यक्ष हेमंत सिसोदिया, ईश्वर सिंह, नयन विजयवर्गीय, राशिद जमील सहित अन्य उपस्थित थे।

महंगाई के विरोध में कांग्रेस ने राज्यपाल के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

चाय-शक्कर भेंट कर जताया विरोध, बिजली बिल और गैस की किल्लत पर सरकार को घेरा



हरिभूमि न्यूज. सारंगपुर। प्रदेश में लगातार बढ़ रही महंगाई, बिजली के बढ़े हुए बिल, बस किराए में वृद्धि और गैस की किल्लत के विरोध में गुरुवार को ब्लॉक एवं शहर कांग्रेस कमेटी ने राज्यपाल के नाम एसडीएम जय सिंह सौलंकी को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध स्वरूप चाय और शक्कर भेंट की। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश एवं पूर्व ऊर्जा मंत्री तथा जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियव्रत सिंह खींची के आदेशानुसार आयोजित कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दुर्गेश सोमानी ने कहा कि मध्यप्रदेश कृषि प्रधान प्रदेश है और यहां की बड़ी आबादी की आजीविका कृषि एवं किसानों पर निर्भर है। किसानों को फसल बीमा और मुआवजे का लाभ समय पर नहीं मिल रहा है तथा उन्हें अपनी उपज के उचित दाम का इंतजार है।वही ज्ञापन में कहा गया कि रक्षाबंधन जैसे पर्व के समय महंगाई ने आम आदमी की परेशानी बढ़ा दी है। शक्कर के दाम बढ़ने, बस किराए में वृद्धि और गैस सिलेंडर की किल्लत के कारण गरीब एवं मध्यमवर्गीय परिवारों का घरेलू बजट बिगड़ गया है। कांग्रेस ने लाड़ली बहना योजना की राशि बढ़ाकर 3000 रुपए प्रतिमाह करने की मांग भी उठाई। कांग्रेस नेताओं ने बिजली विभाग पर अघोषित कटौती और स्मार्ट मीटर के माध्यम से अधिक बिजली बिल दिए जाने का आरोप लगाते हुए राहत की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि विद्युत व्यवस्था में जल्द सुधार नहीं हुआ तो कांग्रेस विद्युत मंडल का घेराव कर आंदोलन करेगी, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। ज्ञापन से पूर्व ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय आशा भवन में वरिष्ठ कांग्रेस नेता शेख बहादुर भाई के आकस्मिक निधन पर कांग्रेसजनों ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर पूर्व विधायक कृष्ण मोहन मालवीय, शहर कांग्रेस अध्यक्ष अब्बीद हुसैन लोदी, पूर्व मंडी अध्यक्ष कैलाश सुरावत, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रदीप सादानी, प्रमोद सादानी, जनपद पंचायत सदस्य प्रतिनिधि घनश्याम मालवीय सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बारिश के बीच प्रदर्शन, छतरी में ज्ञापन लेने पहुंचे एसडीएम

महाविद्यालयों की दुर्दशा पर अभाविप ने भरी हुंकार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

शासकीय महाविद्यालयों में विद्यार्थियों की मूलभूत सुविधाओं की मांग को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा गुरुवार को प्रदेशव्यापी आंदोलन किया गया। राजगढ़ मुख्यालय पर मूसलाधार बारिश के बीच एबीवीपी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए कलेक्टोरेट पहुंचे जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। बारिश के चलते राजगढ़ एसडीएम छाता लगाकर प्रदर्शन स्थल पहुंचे और छात्रों की मांगे और समस्याएं सुनते हुए उन्हें शासन तक भिजवाने की बात कही। एबीवीपी पदाधिकारियों ने बताया कि अनेक शासकीय महाविद्यालयों में विद्यार्थियों स्वच्छ पेयजल, पर्याप्त एवं स्वच्छ शौचालय, व्यवस्थित कक्षाओं, पर्याप्त फर्नीचर, बिजली एवं प्रकाश व्यवस्था, पुस्तकालय, प्रयोगशालाओं, खेल सुविधाओं, छात्राओं के लिए आवश्यक सुविधाओं, इंटरनेट, पार्किंग, सुरक्षा एवं प्राथमिक उपचार जैसी बुनियादी सुविधाओं के अभाव का सामना कर रहे हैं।

आगे भी जारी रहेगा हमारा आंदोलन

अभाविप के राजगढ़ जिला संयोजक शुभम शर्मा ने कहा कि आने वाले समय में विभिन्न रचनात्मक एवं आंदोलनात्मक माध्यमों से मांगों के पूर्ण होने तक अभाविप का यह अभियान जारी रहेगा। विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के लिए इन समस्याओं का तत्काल समाधान आवश्यक है। इस अवसर पर कुलदीप सिंगी सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

मुंदडा कॉलोनी में नाली बनी, सड़क अधूरी रहने से रहवासियों के साथ स्कूली बच्चे ज्यादा परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

नगर परिषद की अनियमितताओं विकास कार्य ,रोड़ निर्माण नालीयों की साफ-सफाई जैसी मुलभुत सुविधाओं को लेकर समस्याएं बनीं रहना आम बात है। विकास के इन दावों की पोल स्पष्ट रूप से खुलती नजर आ रही है। नगर के वार्ड क्रमांक 12 में मुंदड़ा कॉलोनी के यहां कल्प वृक्ष के सामने पानी निकासी के लिए नाली तो बना दि गई, लेकिन सड़क को कच्चा और कीचड़ भरा ही छोड़ दिया गया। जिससे उस क्षेत्र में रहवासियों और स्कूली बच्चों को ज्यादा परेषानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय रहवासियों के अनुसार इस कच्ची सड़क से करीब 15 से 20 परिवार रोजाना गुजरते हैं। बारिश के बाद हालात और बिगड़ गए हैं। पूरी सड़क पर कीचड़ जमा है, जिससे दुपहिया वाहन फिसल रहे हैं और पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों को हो रही है। बच्चे इसी कीचड़ भरे रास्ते से होकर स्कूल जाने को मजबूर हैं। कई बार बच्चे कीचड़ में गिरकर चोटिल भी हो चुके हैं। बुजुर्गों और महिलाओं को भी घर से निकलने में खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

इसी वार्ड के फलोदी कालोनी की एक गली का हिस्सा नगर परिषद की मनमानी का शिकार बना हुआ है जहां पर सीमेंट कांक्रीट रोड़ नहीं बना कर रहवासियों को परेशानी से जुझना पड़ रहा है जबकि वहां के रहवासियों ने शासन को शिकायत 181 पर दर्ज करा रखी लेकिन नगर परिषद के सीएमओ एवं उपयंत्री को 181 का भी कोई डर नहीं है।

इनका कहना है...

यह इंटरनल एरिया है, नियम में यहा सीसी रोड का प्रावधान नहीं है। हालांकि कॉलोनी काटने वालों से बात कर जल्द ही रोड बनवाई जाएगी।

ब्रजेश उपाध्याय, उपयंत्री नगर परिषद जीरापुर

30 को देशभर के 2000 जिनालयों में होगा शुद्धिकरण अभियान

जैन श्वेतांबर मालवा महासंघ व नवरत्न परिवार के संयुक्त तत्वावधान में 16वें वर्ष में प्रवेश करेगा अभियान

नाहरगढ़ /मंदसौर

जैन श्वेतांबर मालवा महासंघ एवं नवरत्न परिवार के संयुक्त तत्वावधान में पर्युषण महापर्व के देशभर में जिनालय शुद्धिकरण का अभियान 30 अगस्त को आयोजित किया जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत भारत के विभिन्न राज्यों में लगभग 2,000 जैन जिनालयों का शुद्धिकरण एवं स्वच्छता कार्य किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि जिनालय शुद्धिकरण का यह पावन अभियान आचार्य भगवंत नवरत्न सागर सूरिश्वरजी महाराज साहब की प्रेरणा से और युवा हृदयसम्राट आचार्य विश्वरत्न सागर सुरीश्वरजी मा. के मार्गदर्शन में वर्ष 2011 में प्रारंभ हुआ था। निरंतर श्रद्धा, सेवा और समर्पण के साथ आगे बढ़ते हुए यह अभियान अब अपने 16वें वर्ष में प्रवेश कर चुका है और आज एक व्यापक राष्ट्रीय अभियान का स्वरूप ले चुका है।

अनेक राज्यों में श्रद्धा एवं उमंग के साथ आयोजनः अभियान के तहत गुजरात, मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश, महाराष्ट्र सहित देश के अनेक राज्यों में जिनालय शुद्धिकरण का कार्य श्रद्धा और उत्साह के साथ किया जाता है। इसमें जिन मंदिरों की विशेष साफ-सफाई के साथ-साथ जिनालय की साज-सज्जा एवं आवश्यक व्यवस्थाओं को भी व्यवस्थित किया जाता है।

औषधीय विधि से प्रतिमाओं का विलेपनः इस अभियान की विशेषता यह है कि जिनालय की स्वच्छता के साथ धातु एवं पाषाण की जिन प्रतिमाओं का औषधीय द्रव्यों से विलेपन भी किया जाता है। इस पवित्र कार्य के लिए आवश्यक सामग्री की विशेष किट तैयार कर विभिन्न जिन मंदिरों तक पहुंचाई जाती है। नवरत्न परिवार के कार्यकर्ता गांव-गांव एवं विभिन्न क्षेत्रों में जाकर इन किटों का वितरण भी करते हैं, ताकि अधिक से अधिक जिनालय इस अभियान से जुड़ सकें।

नवरत्न परिवार जिनालयों की पवित्रता, स्वच्छता एवं धार्मिक परंपराओं के संरक्षण के लिए ऐसे पुनीत कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। पर्युषण महापर्व जैन समाज का प्रमुख आध्यात्मिक पर्व है। इसके पूर्व जिनालय शुद्धिकरण अभियान के माध्यम से वातावरण को स्वच्छ एवं आध्यात्मिक बनाने के साथ श्रद्धालुओं में आराधना, भक्ति, तप और धार्मिक चेतना का भाव जागृत किया जाता है।

भव्य ग्लोबल स्कूल में मना रक्षाबंधन पर्व

राखी मेकिंग प्रतियोगिता में शिक्षा लववंशी रहीं प्रथम





हरिभूमि न्यूज. लखनवास। भव्य ग्लोबल स्कूल में रक्षाबंधन के पावन पर्व के उपलक्ष्य में विशेष समारोह एवं राखी मेकिंग प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान स्कूली बच्चों ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान आयोजित राखी मेकिंग प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता का शानदार प्रदर्शन किया। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपने हाथों से अत्यंत आकर्षक और सुंदर राखियां तैयार कीं। प्रतियोगिता के परिणामों में: प्रथम स्थानः शिक्षा लववंशी, द्वितीय स्थानः आयशा लववंशी, तृतीय स्थानः राधा लववंशी। प्रतियोगिता के बाद आयोजित सांस्कृतिक गतिविधि में छात्राओं ने अपने हाथों से बनाई राखियां भाइयों की कलाई पर बांधीं, उन्हें तिलक लगाकर मिठाई खिलाई और उनकी लंबी उम्र की कामना की। वहीं भाइयों ने भी अपनी बहनों की रक्षा का संकल्प लिया। पूरे विद्यालय परिसर में उत्सव जैसा माहौल रहा और सभी बच्चों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर भाई-बहन के इस पावन रिश्ते का जश्न धूमधाम से मनाया। स्कूल प्रबंधन ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया। प्रबंधन ने कहा कि भव्य ग्लोबल स्कूल में बच्चों की पढ़ाई के साथ-साथ उनके सर्वांगीण विकास के लिए इस प्रकार की रचनात्मक और सांस्कृतिक गतिविधियों का नियमित व सुचारू रूप से संचालन किया जाता है, जिससे बच्चे अपनी संस्कृति और परंपराओं से जुड़े रहें। कार्यक्रम के अंत में सभी शिक्षकों ने विद्यार्थियों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं।

पेड़ों को रक्षा सूत्र बांधकर लिया संरक्षण का संकल्प

पीएम कॉलेज में आयोजित हुआ 'पेड़ को राखी' प्रकृति से भाईचारा' कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंदसौर



रक्षाबंधन पर्व को सामाजिक रिश्तों से प्रकृति तक विस्तार देने तथा जल, प्रकृति एवं पर्यावरण के संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मंदसौर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा शुक्रवार को 'पेड़ को राखी' प्रकृति से भाईचारा' कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान एनएसएस स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर में पेड़ों को रक्षा सूत्र बांधकर उनके संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लिया। सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय, मध्यप्रदेश शासन द्वारा रक्षाबंधन पर्व 28 अगस्त 2026 के अवसर पर सामाजिक रिश्तों को प्रकृति से जोड़ते हुए जल, प्रकृति एवं पर्यावरण के संरक्षण का संकल्प लेने तथा विभिन्न वर्गों को इस अभियान से जोड़ने के लिए 'एक राखी' एक संकल्प, रक्षासूत्र एक राखी एक रिश्ता एवं पेड़ को राखी प्रकृति से भाईचारा जैसी विभिन्न गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा यह कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा 15 फूलदार चांदनी के पौधों का रोपण भी किया गया। स्वयंसेवकों ने पौधों की देखभाल एवं उनके संरक्षण की जिम्मेदारी लेने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को यह संदेश दिया गया कि जिस प्रकार भाई-बहन के रिश्ते में रक्षा का संकल्प महत्वपूर्ण है, उसी प्रकार प्रकृति और वृक्षों की रक्षा करना भी हम सभी का नैतिक दायित्व है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. जे. एस. दुबे ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं। पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारी योजनाओं तक सीमित विषय नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। रक्षाबंधन जैसे पर्व को प्रकृति संरक्षण से जोड़ना विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता विकसित करने की दिशा में एक सार्थक पहल है। उन्होंने विद्यार्थियों से लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने का आह्वान किया। इतिहास विभागाध्यक्ष वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. ऊषा अग्रवाल ने कहा कि भारतीय संस्कृति में प्रकृति को सदैव परिवार का अभिन्न अंग माना गया है। पेड़ों को रक्षा सूत्र बांधना प्रकृति के प्रति प्रेम, कृतज्ञता और संरक्षण की भावना को मजबूत करता है। उन्होंने कहा कि यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन में कम से कम एक पौधे की जिम्मेदारी लेकर उसका संरक्षण करे, तो पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन लाया जा सकता है। कार्यक्रम में जिला संगठक एवं कार्यक्रम अधिकारी, एनएसएस डॉ. अनिल कुमार आर्य ने स्वयंसेवकों को पर्यावरण संरक्षण एवं पौधों की नियमित देखभाल के लिए प्रेरित किया।

ईमानदारी की मिसाल पेश की, सम्मान किया

दो लाख कीमती आभूषण से भरा बैग मिला, पुलिस को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ माचलपुर



माचलपुर थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति ने ईमानदारी की मिसाल पेश करते हुए सड़क पर मिला कीमती सामान से भरा बैग पुलिस के सुपुर्द कर दिया। बैग में करीब 2 लाख रुपये कीमत के आभूषण एवं 1700 रुपए नकद सहित अन्य सामान रखा था। जानकारी के अनुसार ग्राम गाड़िया निवासी कोमल एवं पूजा पिता श्यामपुरी गोस्वामी अपनी स्कूटी से गागोरनी की ओर जा रही थीं। इसी दौरान रावण बड़ली, माचलपुर के पास उनका एक बैग स्कूटी से गिर गया। बैग में दो मंगलसूत्र, पायजेब, 1700 रुपए नकद सहित अन्य कीमती सामान था। इसी दौरान ग्राम ब्राह्मण गांव निवासी सीयाराम पिता मनोहरलाल दांगी को सड़क पर पड़ा बैग मिला। सियाराम ने ईमानदारी का परिचय देते हुए बैग को अपने पास रखने के बजाय माचलपुर थाना पुलिस को सौंप दिया। इधर फरियादी द्वारा थाना जीरापुर में बैग गुम होने की सूचना दी गई। पुलिस ने मामले की जानकारी लेते हुए फरियादी से फोन पर संपर्क किया और उन्हें माचलपुर थाने बुलाया। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद उनका सामान उन्हें वापस सौंप दिया। सामान सुरक्षित मिलने पर फरियादी ने पुलिस एवं बैग थाने में जमा कराने वाले सियाराम दांगी का आभार जताया। वहीं, माचलपुर थाना पुलिस द्वारा सियाराम दांगी का स्वागत एवं सम्मान कर उनकी ईमानदारी की सराहना की गई।

चलती कार में लगी आग, बड़ी दुर्घटना टली



कुरावर। नगर के खेड़ी मोहल्ले स्थित कुरावर-कालापीपल मार्ग पर गुरुवार शाम करीब साढ़े छह बजे एक शिफ्ट डिजायर कार में अचानक आग लग गई। कार क्रमांक एमपी 04 सीएफ 0421 को कुछ युवक धक्का मारकर और बार-बार सेल्फ करके स्टार्ट करने का प्रयास कर रहे थे। इसी दौरान अचानक कार में आग भड़क उठी और देखते ही देखते कार बुरी तरह जलकर नष्ट हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस तथा नगर परिषद की अग्निशमन टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि समय रहते आग बुझा ली गई, जिससे बड़ी दुर्घटना टल गई। कार में आग लगने के कारण कुरावर और कालापीपल दोनों ओर से आने-जाने वाले वाहनों की लंबी कतार लग गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर यातायात व्यवस्था संभाली।

खबर संक्षेप

मैदान पर आज मनाया जाएगा खेल दिवस

सीहोर। शहर के चर्च मैदान पर शनिवार की दोपहर बारह बजे राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जाएगा। इस मौके पर अंडर-17 फुटबाल प्रतियोगिता का फाइनल मैच इछावर और सीहोर के मध्य खेला जाएगा। पिछले कई दिनों से अंडर-17 फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, इस प्रतियोगिता में सीहोर-इछावर ने अपने-अपने गुरप में 5-5 जीत हासिल कर टाप स्थान प्राप्त किया है। अब दोनों टीमों का शानदार मुकाबला देखने को मिलेगा। रक्षा बंधन के मौके पर भी सीहोर टीम ने अभ्यास किया। इस मौके पर एसोसिएशन के सचिव मनोज कन्नोजिया और मनोज दीक्षित मामा आदि ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि शुक्रवार की शाम को बेबी लीग फुटबाल प्रतियोगिता का एक तरफा मैच सीहोर चिल्ड्रन और सीहोर रेड के मध्य खेला गया था।

रक्षा बंधन पर्व वृद्धाश्रम में मनाया गया

सीहोर। हर साल की तरह इस साल भी शहर के संकल्प वृद्धाश्रम में रक्षा बंधन का पर्व आस्था और उत्साह के साथ मनाया गया। इस मौके पर नशा मुक्ति केन्द्र में करीब 150 से अधिक हितग्राही, स्टाफ और आश्रम में निवासरत करीब दो दर्जन से अधिक बुजुर्गों ने आशीर्वाद दिया। श्रद्धा भक्ति सेवा समिति के संचालक राहुल सिंह के निर्देश पर आयोजित महोत्सव की शुरूआत भजन कीर्तन के साथ की गई।
कार्यक्रम के दौरान आश्रम के केयर टेकर आनंद व्यास, बाबू सिंह, रितेश माहेश्वरी ने यहां पर आने वाले समाजसेवी विवेक रुठिया आदि का स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान नगर के समाजसेवी विवेक रुठिया ने यहां पर निवासरत वृद्धजनों को बिस्कुट के पैकेट आदि का वितरण करते हुए कहाकि बुजुर्गों की सेवा करना ही भगवान

राशन दुकान को लेकर हितग्राहियों ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

पीडीएस मशीन पर चार माह का लगवाया अंगूठा, एक माह का राशन देने का आरोप

बिछिया की राशन दुकान को लेकर हितग्राहियों ने खाद्य अधिकारी के तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन चार महीने से राशन के इंतजार का दावा, जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ दोराहा/अहमदपुर



जिले के दोराहा क्षेत्र में आने वाले ग्रामी बिछिया से राशन व्यवस्था को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। ग्राम बिछिया की शासकीय उचित मूल्य दुकान में राशन वितरण को लेकर ग्रामीण हितग्राहियों ने गंभीर आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों ने जिला खाद्य अधिकारी के नाम दोराहा तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि राशन दुकान पर बुजुर्ग हितग्राहियों और बच्चों से मशीन पर अंगूठा लगवा लिया गया, लेकिन इसके बाद निर्धारित राशन का वितरण नहीं किया गया। शिकायतकर्ताओं के मुताबिक, राशन वितरण को लेकर पिछले कई महीनों से परेशानी बनी हुई है। ग्रामीणों का दावा है कि करीब चार महीने से कई परिवार राशन का इंतजार कर रहे हैं। वहीं, 26 अगस्त को जब कुछ हितग्राही राशन लेने के लिए सोसायटी पहुंचे और अपनी समस्या को लेकर सवाल किया, तो उनके साथ कथित तौर पर अभद्र व्यवहार किए जाने का आरोप भी लगाया गया है।

ग्रामीणों ने लगाए गंभीर आरोप

बिछिया गांव के नीरज दांगी ने बताया कि एक माह का राशन बांटा जा रहा है गांव वालों से चार माह की पर्ची पर अंगूठा निशान लगवा लिया गया है लेकिन सिर्फ एक माह का राशन बांटा जा रहा है मशीन और रिकॉर्ड चेक होना चाहिए तभी इसकी सच्चाई सामने आएगी नीरज दांगी का सीधा कहना है कि 4 महीने के अंगूठे निशान लगवा कर सिर्फ एक माह का राशन वितरण किया जा रहा है। मामले को लेकर अतीक, संतोष, शिवनारायण, आकाश, मनोहर, धनराज, लालसिंह, जितेन्द्र, रोहित, फुलासिंह, प्रेमनारायण सहित अन्य ग्रामीणों ने ज्ञापन सौंपा है। ग्रामीणों की मांग है कि राशन दुकान के पीओएस मशीन रिकॉर्ड, अंगूठा लगाने का विवरण और राशन वितरण के रिकॉर्ड की जांच कराई जाए, ताकि पूरे मामले की वास्तविक स्थिति सामने आ सके। राशन नहीं मिलने का सीधा असर उन परिवारों पर पड़ रहा है, जो सरकारी खाद्यान्न पर निर्भर हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार जिम्मेदार अधिकारियों का ध्यान इस समस्या की ओर दिलाया गया, लेकिन अब तक स्थायी समाधान नहीं हुआ। ग्रामीणों ने शासन और प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने और पात्र हितग्राहियों को उनका राशन जल्द उपलब्ध कराने की मांग की है। फिलहाल आरोपों की सच्चाई जांच के बाद ही स्पष्ट होगी। अब देखना होगा कि खाद्य विभाग इस शिकायत पर कब तक संज्ञान लेता है और बिछिया के ग्रामीणों को राशन की समस्या से कब राहत मिलती है।



ग्रामीणों ने दिया है ज्ञापन

बिछिया गांव के ग्रामीण आए थे ज्ञापन दिया है खाद्य विभाग के अधिकारियों को सूचित कर दिया।

सनत राव देशमुख, नायाब तहसीलदार

खाद्यान्न आवंटन नहीं हुआ है

कोरोना काल का स्टॉक चल रहा है इसलिए खाद्यान्न आवंटन नहीं हुआ है, खाद्य विभाग से आवंटन नही हो रहा है, अभी अगस्त माह का राशन बांटा जा रहा है।

प्रमोद सिंह, दोराहा सोसायटी प्रबंधक

किला मंदिर में श्री रक्षा बंधन विधान का आयोजन

मुनिराजों की आराधना का मिलेगा पुण्य लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर में चल रहे श्री रक्षा बंधन महामंडल विधान के अंतर्गत आध्यात्मिक एवं धार्मिक आयोजन का विशेष अवसर रहेगा। इस दिन प्रातः 7 बजे अकम्पनाचार्य आदि 700 निर्ग्रंथ मुनिराजों की आराधना की जाएगी। श्रद्धालुओं द्वारा 150 अर्घ्य समर्पित कर मुनिराजों के प्रति भक्ति एवं श्रद्धा अर्पित की जाएगी। इस अवसर पर श्री श्रेयांसनाथ भगवान के मोक्ष कल्याणक पर्व पर निर्वाण लाडू समर्पित किया जाएगा। आयोजन में 108 बच्चों द्वारा मुनिराजों का भव्य एवं भावपूर्ण पड़गाहन किया जाएगा। यह धार्मिक आयोजन श्रद्धालुओं के लिए आत्मकल्याण, संयम और साधना की प्रेरणा देने वाला विशेष अवसर रहेगा। समाज के नरेन्द्र गंगवाल ने बताया कि निर्ग्रंथ मुनिराजों की आराधना एवं भगवान के मोक्ष कल्याणक पर्व में सहभागी बनना आत्मिक शुद्धि और पुण्यार्जन का अवसर है। ऐसे धार्मिक आयोजनों का उद्देश्य केवल धार्मिक परंपराओं का निर्वहन करना नहीं, बल्कि श्रद्धालुओं को त्याग, संयम, अहिंसा और आत्मकल्याण के मार्ग से जोड़ना भी है। श्री गंगवाल एवं श्री दिगंबर जैन पंचायत समिति आष्टा,श्री मुनि सेवा संघ समिति,श्री चातुर्मास धर्म प्रभावना संघ ने समाजजनों से आग्रह किया कि इस पावन अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में किला मंदिर पहुंचकर मुनिराजों की आराधना, अर्घ्य समर्पण एवं निर्वाण लाडू अर्पण के पुण्य में सहभागी बनें और धर्मलाभ अर्जित करें।

नगर के विप्रजनों का श्रावणी पर्व कार्यक्रम पार्वती नदी पर संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

ब्राह्मणों व यज्ञोपवीत द्विजों का महापर्व श्रावणी प्रतिवर्षानुसार शुक्रवार को नगर के प्राचीन शंकर मंदिर एवं माँ पार्वती तट पर नगरपुरोहित पं. मनीष पाठक के आचार्यत्व में विधि-विधान से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत प्रायश्चित संकल्प के साथ हुई, जिसमें पंचगव्य ग्रहण कर पवित्र कुश एवं आडिझाड़े से स्नान के पश्चात द्विजजनों ने यज्ञोपवीत संस्कार किया।

पं. पाठक ने बताया कि जिनका यज्ञोपवीत संस्कार हो चुका है, वे इस दिन पुराना यज्ञोपवीत उतारकर नया धारण करते हैं, जिसे व्यक्ति का "दूसरा जन्म" माना जाता है। श्रावणी पर्व पर विप्र व द्विजजनों ने संकल्प, संस्कार और स्वाध्याय के साथ यज्ञोपवीत कार्य सम्पन्न किया। नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राय सिंह मेवाड़ा, पार्षद रवि शर्मा एवं मित्र मंडल ने आचार्य सहित सभी ब्राह्मणों का अभिनंदन किया साथ ही कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रदीप प्रगति द्वारा भी ब्राह्मणजनों का अभिनंदन किया गया। स्नान, तर्पण के बाद ऋषि पूजन, सूर्य उपासना एवं यज्ञोपवीत पूजन किया गया। नवीन यज्ञोपवीत धारण कर आत्मसंयम का संकल्प लिया गया। विप्र एवं द्विजजनों ने स्वाध्याय कर आहुतियां अर्पित करते हुए सप्तऋषियों को नमन किया।

इसके पश्चात एक-दूसरे को यज्ञोपवीत समर्पित कर वरिष्ठजनों से आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान पं. प्रेमनारायण शर्मा, पं. हरिनारायण शर्मा, पं डी.पी.जोशी, पं. कांतिलाल जोशी, साहित्यकार पं. श्याम शर्मा सलिल, पं. सतीश पंडिया, नगरपूरोहित पं. महेंद्र पाठक, पं. उदय श्रोत्रीय, ज्योतिषाचार्य आचार्य अमित तिवारी, डॉ. दीपेश पाठक,पार्षद पं. रवि शर्मा, पं. सुनील शर्मा शास्त्री, ,पं. सुधीर जोशी,पं संतोष जोशी, पं. संतोष दुबे, प्रदेश उपाध्यक्ष कमल वैष्णव, नगर अध्यक्ष सेवा संघ निर्मल वैष्णव,पं. ओमप्रकाश शर्मा, पं. पुरुषोत्तम शर्मा, महंत मनोहर दास बैरागी, पं. प्रियांक पाठक, पं. शैलेन्द्र शर्मा, शंकर मंदिर महंत राजगीर गिरी, शैलेन्द्र गिरी, गणेश मंदिर महंत विष्णुदास, पं. उज्जवल पंड्या, पं. चेतन पंड्या, मुकेश वैष्णव, कान्हा बैरागी,अरमिंदम पाठक, पं.हितेश शर्मा, ,पं.पार्थ पाठक, पं यज्ञ पाठक, त्रयांश पाठक, सुनील बागवान,शांतिलाल धनगर आदि सहित बड़ी संख्या में विप्रगण व द्विज मौजूद रहे।

ग्रामीणों ने पेड़ों को राखी बांधकर दिया संदेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद

ग्राम पंचायत लसुड़लिया विजय सिंह में मध्य प्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी सीहोर के आदेशानुसार ग्राम पंचायत लसूडिया विजय सिंह में पंचायत जन सहभागिता से पेड़ों को राखी बांधकर प्राकृति एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और सभी ग्रामीण जनों ने यह शपथ ली कि हम पेड़ों की रक्षा कर प्रकृति को सुंदर और हरियाली सुशोभित बनाएं रखेंगे और प्रकृति पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान देंगे आभार संकल्प सरपंच प्रतिनिधि राजेश सोलंकी द्वारा दिलाया गया जनसहभागिता कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित सरपंच अकिला राजेश सोलंकी सचिव लखन सिंह वर्मा,उपसरपंच जितेंद्र सिंह धनगर,सहायक सचिव बहादुर सिंह मालवीय,कुंता बाई,दलू बाई,कोमल बाई,कृष्णा बाई कशिश, कलश, कीर्ति सोलंकी, भारत सिंह, यशवंत सिंह,जय सिंह ,सुरेंद्र सिंह, कृपाल सिंह ठाकुर, हुकुमचंद आदि उपस्थित रहे। खाचरोद, खामखेड़ा, रोलगांव, रामपुरा, कन्नौद शिवाजी, सिंगारचोरी, बड़खोला, नोगाव, बापचा आदि पंचायतों में पेड़ों को राखी बांधकर प्राकृति एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

निभाई परंपरा, सैनिकों के नाम भेजे गए रक्षा सूत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



इनरव्हील क्लब आष्टा द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी रक्षाबंधन पर्व पर देश की सीमाओं की रक्षा कर रहे सैनिकों के प्रति सम्मान और स्नेह प्रकट करते हुए रक्षा सूत्र भेजे गए। क्लब द्वारा एक्स सर्विसमैन वेलफेयर सोसायटी के माध्यम से नई दिल्ली में तैनात सैनिकों तक रक्षा सूत्र पहुंचाए गए। इनरव्हील क्लब अध्यक्ष श्रीमती सुनीता सोनी ने अपने संबोधन में कहा कि देश की रक्षा करने वाले इन वीर जाबांज जवानों को हम रक्षा सूत्र भेजते हैं, वहीं उन सभी की रक्षा एवं दीर्घायु की कामना भी करते हैं।

नई दिल्ली स्थित दिल्ली यूनिवर्सिटी के रग्बी स्टेडियम में 22 एवं 23 अगस्त को विनम्र वाणी परिवार के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सैनिक सम्मान समारोह में इनरव्हील क्लब की ओर से भेजे गए रक्षा सूत्र सैनिकों, वीर नारियों एवं सेना के वरिष्ठ अधिकारियों को मिठाई के साथ बांधकर उनकी कुशलता, समृद्धि और देश सेवा में निरंतर सफलता की कामना की गई। कार्यक्रम राष्ट्रसंत मुनि श्री विनम्र सागर जी महाराज के सानिध्य में आयोजित किया गया था। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भारत सरकार के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, विशिष्ट अतिथि के रूप में परमवीर चक्र विजेता कैप्टन योगेंद्र यादव एवं संजय कुमार उपस्थित रहे। वहीं विशेष अतिथि के रूप में नई दिल्ली के महापौर प्रवेश वाही, एक्स सर्विसमैन वेलफेयर सोसायटी मध्यप्रदेश के अध्यक्ष संतोष शर्मा, ब्रिगेडियर सुनील जैन सहित अनेक वरिष्ठ सैन्य अधिकारी, उद्योगपति एवं समाजसेवी मौजूद रहे। विदित रहे कि इनरव्हील क्लब आष्टा द्वारा पिछले छह वर्षों से लगातार भारतीय सैनिकों के साथ रक्षा सूत्र बंधन पर्व मनाया जा रहा है। क्लब की सदस्याएं सैनिक भाईयों की सुख-समृद्धि, खुशहाली एवं सुरक्षित जीवन की कामना करती हैं। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष सुनीता सोनी, उपाध्यक्ष श्रीमती दीपिका सोनी, एडिटर श्रीमती अर्चना सोनी, आईएसओ रीना शर्मा, डॉ.चंदा बोहरा, आशा सोनी, सुनीता नागर, श्रीमती प्रतिभा नागर,श द्या खंडेलवाल , श्रीमती गीता सोलंकी, तमन्ना जैन सहित एक्स सर्विसमैन वेलफेयर सोसायटी के संतोष शर्मा एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

जय श्री नगर में 5.50 लाख की लागत से बनेगी सीसी रोड, हुआ भूमिपूजन



देवास। नगर निगम द्वारा वार्ड क्रमांक 24 के जय श्री नगर में 5 लाख 50 हजार रुपए की लागत से बनने वाली सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। सड़क निर्माण होने से क्षेत्र के रहवासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और लंबे समय से चली आ रही सड़क की समस्या का समाधान होगा।बताया गया कि देवास विधायक गायत्री राजे पवार एवं महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल के प्रयासों से क्षेत्रवासियों को इस विकास कार्य की सौगात मिली है। निगम लोक निर्माण विभाग समिति अध्यक्ष गणेश पटेल ने वार्ड पार्षद रितु सवनेर के साथ विधिवत पूजन कर सीसी रोड निर्माण कार्य का शुभारंभ किया।भूमिपूजन कार्यक्रम में भाजपा नगर महामंत्री भरत व्यास, नवीन सिंह सोलंकी, नयन मित्तल, पांडेय जी, राजेंद्र व्यास, नरेंद्र पटेल, श्रीमती चौधरी, गोपाल पटेल, राहुल व्यास सहित क्षेत्र के नागरिक, भाजपा कार्यकर्ता एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे।इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने कहा कि नगर के सभी वार्डों में आवश्यक विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जा रहा है।

कुबेरेश्वरधाम पर उमड़ा आस्था का सैलाब, श्रद्धालुओं ने किया मंगल तिलक

रक्षाबंधन पर महिलाओं ने बाबा को बांधा रक्षा सूत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



रक्षाबंधन के पावन अवसर पर शुक्रवार को जिला मुख्यालय के समीपस्थ प्रसिद्ध कुबेरेश्वरधाम में आस्था और भक्ति का अद्भुत नजारा देखने को मिला। सुबह से ही हजारों की संख्या में श्रद्धालु धाम पहुंचे। श्रद्धालुओं ने भगवान कुबेरेश्वर महादेव का मंगल तिलक कर सीवन नदी के तट से लाए पवित्र जल से विधि-विधान के साथ अभिषेक किया। पूरे मंदिर परिसर में हर-हर महादेव के जयघोष गूंजते रहे।

हर साल की तरह इस वर्ष भी कुबेरेश्वरधाम में सादगी और श्रद्धा के साथ मंगल तिलक महोत्सव आयोजित किया गया। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि शिव पर अडिग विश्वास व्यक्ति को हर कठिन परिस्थिति से निकलने की शक्ति देता है। भगवान भोलेनाथ को बड़े-बड़े विधान या महंगे उपहार नहीं, बल्कि भक्त का प्रेम और श्रद्धा से अर्पित किया गया एक लोटा शुद्ध जल ही प्रिय है। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन का पर्व रक्षा, सुरक्षा, प्रेम और आपसी विश्वास का संदेश देता है। सनातन धर्म में मनाए जाने वाले सभी पर्व हमारी संस्कृति और परंपराओं के मजबूत स्तंभ हैं। इन पर्वों के माध्यम से समाज में आपसी प्रेम और एकता की भावना मजबूत होती है। मंगल तिलक महोत्सव के दौरान विठलेश सेवा समिति की ओर से पंडित विनय मिश्रा, पंडित समीर शुक्ला सहित विप्रजनों ने श्रद्धालुओं का मार्गदर्शन किया। बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भगवान शिव का आशीर्वाद लिया। कांवड मेले का अंतिम दिवस था। कांवड़ियों के झुंड कंधों पर जल लिए शिवत्व को आत्मसात करते हुए अपने गंतव्य की ओर बढ़ रहे थे तो यह सनातन परंपरा की उस अनंत धारा का साक्षात प्रकटीकरण है जो प्राचीन काल से भारतीय चेतना में प्रवाहित होती रही है। यह महीना शिव-आराधना का सबसे पवित्र काल है। यही वह समय है जब पौराणिक मान्यता के अनुसार समुद्र-मंथन से निकले हलाहल विष को भगवान शिव ने कंठ में धारण किया था और सृष्टि को विनाश से बचाया था।

कुबेरेश्वरधाम पहुंचने वाले श्रद्धालुओं में कंकर में शंकर की आस्था भी देखने को मिली। श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर में मौजूद शिव स्वरूपों की श्रद्धा के साथ पूजा-अर्चना की। रक्षाबंधन के अवसर पर मुरली मनोहर मंदिर में भगवान शिव-पार्वती, भगवान श्रीराम-माता सीता और भगवान श्रीकृष्ण-राधा के दर्शन कर श्रद्धालुओं ने पर्व की खुशियां मनाईं। सुबह से लेकर दिनभर धाम में श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही। भक्ति, आस्था और रक्षाबंधन के उल्लास से पूरा कुबेरेश्वरधाम शिवमय नजर आया।

अमलतास विश्वविद्यालय में हुआ खेलो इंडिया संवाद, प्रधानमंत्री ने युवाओं से किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



हॉकी के महान जादूगर मेजर ध्यानचन्द्र के जन्मदिवस ''राष्ट्रीय खेल दिवस'' के अवसर पर युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में 'खेलो इंडिया संवाद- खेल की बात, प्रधानमंत्री के साथ' कार्यक्रम का आयोजन अमलतास विश्वविद्यालय देवास में किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशभर के युवाओं, खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों से वर्चुअल माध्यम से संवाद किया। राष्ट्रव्यापी इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं को भारत की खेल यात्रा, फिटनेस, युवा नेतृत्व एवं राष्ट्र निर्माण से जोड़ना है। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में देवास शाजापुर संसदीय क्षेत्र के सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में अमलतास संस्थान देवास के चेयरमैन मयंकराज सिंह भदौरिया, अपर कलेक्टर शोभाराम सोलंकी , युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा नामित नोडल अधिकारी सागर वाधवानी, सहित अमलतास विश्व विद्यालय के प्रो चांसलर डॉ. सलिल भार्गव , कुलपति डॉ. आर.के सिंह. डीन डॉ. ए.के. पीठवा, निदेशक डॉ. प्रशांत , मार्केटिंग डायरेक्टर अश्विन तंवर सभी महाविद्यालय के प्राचार्य एवं युवा छात्र की पूरी टीम उपस्थित रहकर सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी के संबोधन का सीधा प्रसारण किया गया, जिसमें प्रधानमंत्री द्वारा युवाओं से खेल, फिटनेस, युवा शक्ति एवं राष्ट्र निर्माण से जुड़े विषयों पर संवाद किया। कार्यक्रम में लगभग 400 युवाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। सांसद सोलंकी ने भी उपस्थित युवाओं से संवाद किया तथा खेलों एवं युवा शक्ति के महत्व पर अपने विचार साझा किए।